हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
4 मई 2024, समय 1305

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं कि वे सभी उम्मीदवारों को समय पर नो ड्यूज सर्टिफिकेट यानी कोई बकाया नहीं का प्रमाण पत्र जारी करें और उम्मीदवार उसे अपने हलफनामों में शामिल करें।
सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने सभी उम्मीदवारों के लिए शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने के महत्व पर जोर दिया है। आयोग ने कहा कि हलफनामा किसी भी कॉलम को खाली छोड़े बिना पूरी तरह से भरा जाना चाहिए। यह भी निर्देश दिया गया है कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन करने की अंतिम तिथि पर दोपहर 3 बजे तक शपथ पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष कोई बकाया नहीं होने का प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
निर्वाचन आयोग ने कहा कि यदि उम्मीदवार 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' प्रस्तुत नहीं करता, तो यह नामांकन की जांच के समय उनकी उम्मीदवारी के खिलाफ जाएगा।

..............................................................................................

हरियाणा में आज नामांकन पत्र दाखिल करने के छठे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं।

आज भिवानी महेंद्रगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने से पहले उन्होंने मीडिया से मुख़ातिब होते हुए अपनी बड़ी जीत का दावा किया और कहा कि देश व प्रदेश के हित एवं विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज बड़ी शक्तियां छोटे देशों को खत्म कर रही हैं। जिस देश का नेतृत्व कमज़ारे होता है वो खत्म हो जाता है। श्री धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व से आज दुनिया भारत की तरफ देख रही है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों ने हमेशा वोट की राजनीति की है। कांग्रेस द्वारा बी.जे.पी. सरकार आने पर देश का संविधान व आरक्षण खत्म करने के आरोपों पर श्री धर्मबीर ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को देश की कोई ताकत खत्म नहीं कर सकती।

..............................................................................................

हरियाणा के गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने कल अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

इस दौरान हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान उपस्थित रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया।

श्री राज बब्बर ने गुरूग्राम में मूलभूत संविधाओं का अभाव होने का आरोप लगाया और कहा कि बी.जे.पी. सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने गत 10 वर्षों में क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। राव इंद्रजीत द्वारा उन्हें बाहरी उम्मीदवार बताये जाने पर श्री राज बब्बर ने राव इंद्रजीत पर जीत के बाद लोकसभा क्षेत्र में केवल चुनाव में ही दिखने का आरोप लगाया।

वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उद्यभान ने आरोप लगाया कि बी.जे.पी. सरकार, प्रवर्तन निदेशालय और सी.बी.आई. के जरिये विपक्षी नेताओं को जेल भेजने का काम कर रही है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि बी.जे.पी. संविधान बदलना चाहती है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश की सभी सीटें जीतने का दावा किया और लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के पक्ष में वोट देने की अपील की।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रदेश में 34 करोड़ 77 लाख रुपये की नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ तथा कीमती धातुएं व वस्तुएं जब्त की हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं और एजेंसियों द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य सचिव ने कल चंडीगढ़ में मादक पदार्थों और नकदी की जब्ती संबंधी एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक 5 करोड़ 91 लाख रुपये की नगद राशि, 12 करोड़ 48 लाख रुपये मूल्य की 3 लाख 67 हज़ार 561 लीटर अवैध शराब और 12 करोड़ 11 लाख मूल्य के 6,015 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इसके अलावा, एक करोड़ 73 लाख रूपये मूल्य की कीमती धातुएं और 2 करोड़ 52 लाख रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं।

मुख्य सचिव ने दिल्ली और अन्य राज्यों की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बढ़ाने को कहा है।

..........................................................................................